वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 240 | रविवार 25 दिसम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## RCA में वैभव गहलोत की वापसी

### पहली बार सीपी जोशी गुट के 6 पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित, वैभव बोले- सबको साथ लेकर चलेंगे

**जयपुर. कासं**



राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार RCA में निर्विरोध पदाधिकारियों का निर्वाचन होगा। नांदू गुट द्वारा नाम वापसी के बाद सीपी जोशी गुट के सभी 6 प्रत्याशियों ने चुनाव में क्लीनस्वीप कर लिया है। जिसके बाद आरसीए की एजीएम में दोपहर 1 बजे वैभव गहलोत लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए कार्यभार संभालेंगे। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए शक्ति सिंह, सचिव पद पर भवानी समोता, कोषाध्यक्ष पद पर रामपाल शर्मा, संयुक्त सचिव पद पर राजेश भड़ाना और कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर फारूक अहमद भी पदभार ग्रहण करेंगे। RCA का लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनने के बाद वैभव गहलोत ने कहा- 3 साल पहले हमने राजस्थान क्रिकेट के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारने की शुरूआत की थी। इसके तहत जयपुर में जहां इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम निर्माण कार्य की शुरूआत हो गई है। वहीं, जोधपुर में बरकतुल्लाह खा क्रिकेट स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही उदयपुर में यूआईटी से नए क्रिकेट स्टेडियम के लिए जमीन मिल चुकी है। जहां अगले कुछ दिनों में स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। हमारा लक्ष्य राजस्थान के खिलाड़ियों और क्रिकेट को और बेहतर बनाने का रहेगा।

#### सीपी जोशी से बातचीत के बाद बदले समीकरण

राजेंद्र सिंह नांदू गुट के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मुकेश शाह ने कहा कि आज हमारी विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी से बातचीत हुई थी। उन्होंने हमारी सभी मांगों को पूरा करने के साथ बिना किसी भेदभाव के क्रिकेट के विकास का वादा किया है। ऐसे में हमने जोशी से बातचीत के बाद अपना नामांकन वापस लेने का फैसला किया है। हम चाहते हैं कि राजस्थान के क्रिकेट की प्रथा बदले और बिना विवाद के हर बार इसी तरह निर्विरोध अध्यक्ष और कार्यकारिणी का चुनाव किया जाए।

#### इस बात पर बनी सहमति

नागौर, श्रीगंगानगर, अलवर, भरतपुर और धौलपुर को डिस क्वालीफाई किया गया था। जिसकी वजह से इन जिलों खिलाड़ियों को मौका नहीं मिल पा रहा था। बातचीत में जोशी ने कहा कि सभी जिला संघों के साथ समान व्यवहार किया जाएगा। इस बात पर सहमति बनी है।

## राज्यपाल से ईसाई समाज के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात

### क्रिसमस पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने दी शुभकामनाएं

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



राज्यपाल कलराज मिश्र ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह का जन्मोत्सव क्रिसमस प्रदेशवासियों के लिए शांति, सद्भाव के साथ खुशहाली और सम्पन्नता हो। राज्यपाल मिश्र से शनिवार को इस पर्व की पूर्व संध्या पर राजभवन में बिशप ओसवाल्ड लेविस के नेतृत्व में जयपुर स्थित विभिन्न चर्चों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की, इस दौरान उन्होंने सभी को बधाई दी। राज्यपाल ने ईसाई समाज के प्रतिनिधिमंडल को केक खिलाकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने क्रिसमस पर ईसा मसीह की शिक्षाओं, आदर्शों और मानवता के संदेश से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## राज्य सरकार उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

### सरकार का उद्देश्य पूरा तोल, सही मोल




**जयपुर. कासं।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने राज्य सरकार का पूरा तोल, सही मोल उद्देश्य बताते हुए कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने और उपभोक्ता संरक्षण कानून को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी उपभोक्ताओं को समान अधिकार प्राप्त है जिनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित विभाग मिलकर काम करें। खाचरियावास शनिवार को उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर **''उपभोक्ता आयोगों में प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण''** विषय पर हरिशचंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासनिक संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय उपभोक्ता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। खाचरियावास ने उपभोक्ताओं के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए राज्य में भी सम्बंधित नए कानूनों की आवश्यकताओ के मद्येनजर उपभोक्ता अधिकारों से जुड़े हुए सम्बंधित स्वयं सेवी संस्थाओ और प्रभुद्धजनों आदि से विचार आमंत्रित किये। खाचरियावास ने कहा कि राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बने सम्बंधित मोबाइल एप्लीकेशन की जानकारी का प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से भी किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्बंधित विभाग भी उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार सामग्री का वितरण समय-समय पर करवाए।




# बामणिया बालाजी धाम पदयात्रा बडी धूमधाम व गाजे बाजे के साथ निकली

## यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा व फलाहार के साथ हुआ स्वागत



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। नसीराबाद क्षेत्र के ऐतिहासिक एंव धार्मिक स्थल श्री बामणिया बालाजी धाम के लिए भक्तों द्वारा एक धार्मिक पदयात्रा कार्यक्रम शनिवार को रखा गया । बामणिया बालाजी धाम के पुजारी मुकेश वैष्णव ने बताया कि यह पदयात्रा नवलराम जी बगीची नसीराबाद से 9.15 पर बालाजी के झण्डे के साथ गाजे बाजे से निकाली गई। पदयात्रा हेतू भक्तगण प्रदीप राठी अजमेर, रवि गुप्ता अजमेर, महेश आसवा अजमेर व अनिल जाजू अजमेर द्वारा तैयारी जोर शोर से की गई थी । पद यात्रा नवलराम जी बगीची, बाईपास कोटा चौराहे, भटियाणी रोड से होती हुई श्री बामणिया बालाजी धाम मन्दिर पहुंची ।वही कई भक्त गण महिलाएं एवं पुरुष बालाजी मोड से बालाजी मन्दिर तक दण्डवत करते हुए आये। पद यात्रा मे बालाजी के भजन कीर्तन के साथ नाचते हुये यह पद यात्रा श्री बामणिया बालाजी धाम मन्दिर पहुंची। जहां बालाजी महाराज की परिक्रमा कर सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात बालाजी महाराज की आरती के पश्चात प्रसादी हुई। पदयात्रा में शामिल सभी भक्त गण यात्रा संघ द्वारा जारी सफेद कुर्ता पायजामा एवं बहने पीले रंग की साड़ी में यात्रा मे शामिल हुई । पदयात्रा मे अजमेर, नसीराबाद , किशनगढ़ , ब्यावर , बिजयनगर , भीलवाड़ा , गुलाबपुरा सहित अन्य स्थानो से आये सैकड़ों भक्तगण पदयात्रा मे शामिल हुए ।कार्यक्रम मे पूर्व विधायक एवं वर्तमान पीसीसी सचिव महेन्द्र सिंह गुर्जर , पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर , श्री नगर प्रधान श्री मति कमलेश देवी गुर्जर , देरांठू सरपंच विजेन्द्र सिह राठौड़ , रामनिवास वैष्णव , वैभव तैला , पुजारी विनोद वैष्णव , आनन्द वैष्णव , राजेश वैष्णव , कमल वैष्णव सहित सभी भक्तों का इस पदयात्रा मे विशेष सहयोग रहा ।

## दिगम्बर जैन महासमिति, मालवीय नगर संभाग-जयपुर

# गर्म व सूती कपड़े तथा अन्य सामान वितरित किये



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन महासमिति मालवीय नगर संभाग ने गर्म व सूती कपड़े तथा अन्य सामान आदि एकत्रित कर आशा भवन ट्रस्ट को निर्धन लोगों के सहायतार्थ अनाथाश्रम में उनके उपयोग हेतु प्रदान किया। अध्यक्ष अजीत बड़जात्या ने बताया कि इस अवसर पर दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल के पूर्व अध्यक्ष उत्तम कुमार पांड्या-श्रीमती सरोज पांड्या वरिष्ठ सदस्य अमर चंद पाटनी ने गरिमामयी उपस्थिति दी जिनका अभिनन्दन अध्यक्ष अजीत बड़जात्या, मंत्री विजय कासलीवाल एवं कोषाध्यक्ष अरुण काला द्वारा किया गया। इस अवसर पर महासमिति की महिला प्रकोष्ठ मंत्री श्रीमती प्रीति बाकलीवाल, युवा प्रकोष्ठ मंत्री कोणार्क काला,संजय पाटनी श्रीमति शकुन बड़जात्या,श्रीमती मंजू काला, श्रीमती वैशाली,आदि उपस्थित थे। कोषाध्यक्ष अरुण काला द्वारा सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया ।

# संगिनी मेवाड़ रीजन ने जीते अवार्ड



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतीय संगिनी कॉन्फ्रेंस जे एस जी आई एफ परंपरा रस्मो की का आयोजन दिनांक 23 दिसम्बर को मुंबई में हुआ जिसमें जेएसजी मैन, मेवाड़,विजय और भामाशाह की मेवाड़ रीजन द्वारा 20 संगिनियो ने संगिनी कन्वीनर शकुंतला पोरवाल के नेतृत्व में भाग लेकर मेवाड़ रीजन ने एक नया इतिहास रचा।

# नेट थिएट पर शास्त्रीय कार्यक्रम राग प्रवाह

## मखमली स्वरों से विजेंद्र ने किया राजेश्वरी का श्रृंगार



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** शास्त्रीय संगीत के युवा गायक डॉक्टर विजेंद्र गौतम ने अपनी मखमली आवाज में जब रागेश्वरी के स्वर छेड़कर स्वरों के उतार-चढ़ाव से राग का श्रृंगार किया तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने एक ताल में द्रुत बंदिश राग संग रागिनी मिल मंगल गावे गाकर श्रोताओं को अभिभूत कर दिया। नेट थिएट पर आज डॉ विजेंद्र ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए कार्यक्रम की शुरूआत राग पूरिया धनश्री से की । उन्होंने विलंबित खयालर ऐरी माई कोयलिया बोले बिरहा की तान र जो की झुमरा ताल में निबद्ध थी, से की। इसके बाद मध्य लय में उन्होंने तुम मोरी राखो लाज हरि गाया। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि विजेंद्र ने रागेश्वरी में प्रथम सुरसाधे और राग अभोगी मैं एक बंदिश प्रस्तुत की। उन्होंने अपने कार्यक्रम का समापन राग किरवानी में प्रसिद्ध भजन हे गोविंद हे गोपाल गाकर किया। डॉ विजेंद्र के साथ तबले पर सधी हुई संगत जयपुर के सुप्रसिद्ध तबला वादक दशरथ कुमार ने की तथा कीबोर्ड पर अर्जुन सैनी ने शानदार संगत कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। कार्यक्रम में प्रकाश मनोज स्वामी, कैमरा जितेंद्र शर्मा, मंच सज्जा अंकित शर्मा ममो नोनू, देवांग सोनी और जीवितेश की रही ।

# रक्तदान शिविर, नि :शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, नि :शुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन



## 217 यूनिट ब्लड़ एकत्रित किया, 156 लोगो को नि:शुल्क चश्मा, 25 लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए पंजीकरण

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जेके फाउण्डेशन की ओर से संस्था अध्यक्ष विनोद टाटीवाल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन , नि: शुल्क चश्मा वितरण शिविर का दिनांक 24 दिसम्बर 2022 प्रातः 09.00 बजे से द्रोण विद्यापीठ स्कूल, कल्याण नगर, पानी की टंकी के सामने, रामपुरा रोड़, सांगानेर, जयपुर में आयोजन किया ।हेमराज टाटीवाल, संरक्षक जे के फाउण्डेशन ने बताया कि शिविर में मुख्य अथिति उमेश मिश्रा पुलिस महानिदेशक राजस्थान, अध्यक्षता डॉ. बी.एल. जाटावत , पूर्व अध्यक्ष राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, विशिष्ट अथिति डॉ. ओम प्रकाश बैरवा निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग राजस्थान, अनिल गोठवाल पूर्व अति. पुलिस अधीक्षक, हरिशंकर सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर, डॉ. सुनील गोठवाल सहायक आचार्य एस.एम.एस. अस्पताल जयपुर, मोहन जेवरिया, संस्था संरक्षक हेमराज टाटीवाल, व. उपाध्यक्ष कैलाश चन्द, वी.डी. बैरवा, छोटूराम गुर्जर, एडवोकेट अशोक यादव, सुरेश कुमार बैरवा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।


# श्री प्रदीप जी - अमिता जी जैन गोदिका



## सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति

## की वैवाहिक वर्षगांठ (25 दिसंबर) पर

## हार्दिक बधाई व शुभकामनाऐं




शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - प्रेमा रांवका, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

## एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

## वेद ज्ञान

### पूरा ब्रह्मांड एक है...

कोई भक्त परमात्मा के प्रति पूर्णरूप से समर्पित हो जाता है तो फिर उसके पास कोई तर्क नहीं रहता। इसके बाद उसके मन में किसी प्रकार की भावना नहीं आती। इससे यह भी सिद्ध होता है कि संसार का प्रत्येक कण परमात्मा के इशारे पर चलता है। यह अलग बात है कि परमात्मा को कभी हम वृक्ष के रूप में देखते हैं तो कभी पहाड़ के रूप में। कभी मनुष्य के रूप में देखते हैं तो कभी पशु-पक्षी के रूप में। इस प्रकार हमारे देखने की विधि हर जगह अलग-अलग होती है, लेकिन उस परमात्म-तत्व में कोई अंतर नहीं आता है। रसायन शास्त्र के अनुसार पूरा ब्रह्मांड एक है। हिमालय के पहाड़ हों या घास का कोई मैदान, इन सबमें कोई अंतर नहीं होता। हम अध्यात्म की प्रयोगशाला में इन तमाम वस्तुओं को रखते हैं तो स्पष्ट हो जाता है कि विज्ञान यहां नहीं पहुंच रहा है। इस संसार का एक-एक कण, उसी परमात्म शक्ति से संचालित हो रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह ब्रह्मांड अद्भुत है। इसमें करोड़ों आकाश गंगाएं हैं। हमारे सौरमंडल से भी बड़े ग्रह हैं। ब्लैक होल्स हैं, जिनमें बड़े से बड़े ग्रह समा जाते हैं। खगोल शास्त्रियों का कहना है कि इस असीमित ब्रह्मांड में एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जो इसका संचालन कर रही है। महानतम वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन भी इस तथ्य को मानते थे कि ऐसा लगता है कि कोई अदृश्य शक्ति इस अद्भुत ब्रह्मांड को संचालित कर रही है। मनुष्य कहता है कि मेरे पास पांच ज्ञान इंद्रियां, पांच कर्म इंद्रियां और एक मन है। कुल मिलाकर ग्यारह हुए। जिनके पास ये सारे के सारे हो जाएं, वह अपने चारों ओर एक लकीर खींचकर खड़ा हो जाता है कि हम मनुष्य हैं। पशु-पक्षियों की तुलना में हम बड़े ही सभ्य, विचारवान व गहरी समझ वाले हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पशु-पक्षियों के पास भी इंद्रियां होती हैं। विज्ञान भी मानता है कि मनुष्य, वनस्पतियों और कुदरत पर ब्रह्मांड के ग्रहों का प्रभाव पड़ता है। यदि हम सूर्य से प्रभावित होते हैं तो सूर्य भी हमसे अवश्य प्रभावित होता रहता है। यह बहुत गहरा विज्ञान है। दरअसल विज्ञान और अध्यात्म का एक ही अंतिम लक्ष्य है। वह है सत्य का खुलासा करना। फर्क सिर्फ यही है कि विज्ञान जहां भौतिक पदार्थों का अध्ययन करता है वहीं अध्यात्म चेतना का विज्ञान है।

## संपादकीय

# महंगाई के मुद्दे पर एक बार फिर बहस

महंगाई के मुद्दे पर एक बार फिर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आश्वस्त किया है कि सरकार इसे लेकर गंभीर है और जल्दी ही इस पर काबू पा लिया जाएगा। सार्वजनिक मंचों से ऐसे आदर्शवादी बयान वे अनेक मौकों पर देते आए हैं। मगर धरातल पर नीतिगत प्रयासों के अपेक्षित नतीजे नजर नहीं आते। रिजर्व बैंक ने माना है कि अगर महंगाई की दर को छह फीसद तक सीमित रखने में कामयाबी मिल जाती है, तो अर्थव्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा सकती है। मगर इस स्तर पर भी महंगाई को ला पाना उसके लिए चुनौती बना हुआ है। कुछ हफ्ते पहले ही रिजर्व बैंक को लिखित रूप में सरकार के सामने सफाई पेश करनी पड़ी कि महंगाई को रोक पाने में उससे कहां चूक हुई है। वह कई बार बैंक की रेपो दर में बढ़ोतरी कर महंगाई को रोकने का प्रयास कर चुका है। उसके कुछ सकारात्मक नतीजे जरूर सामने आए हैं, मगर यह कोई भरोसेमंद उपाय साबित नहीं हो पा रहा। उल्टा, इसका बुरा असर कर्ज लेने वालों पर पड़ रहा है। कारोबार, मकान और वाहन के लिए कर्ज लेने वालों ने अपने हाथ रोक लिए हैं। महंगाई के काबू में आने की कोई सूरत नजर नहीं आ रही, फिर भी न जाने किस भरोसे रिजर्व बैंक के गवर्नर इसे काबू में लाने का दम भर रहे हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि सरकार मासिक आंकड़ों के आधार पर भविष्य का आकलन करने लगती है। नवंबर महीने में खुदरा महंगाई में कुछ कमी दर्ज हुई, तो रिजर्व बैंक के गवर्नर को लगने लगा कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सकेगा। हालांकि वे जमीनी हकीकत से अनजान नहीं माने जा सकते। खुदरा महंगाई में इसलिए भी कुछ कमी दर्ज हुई, क्योंकि नवंबर-दिसंबर के महीने में नई फसल तैयार हो जाती है, साग-सब्जियों की पैदावार बढ़ जाती है। इसलिए खाने-पीने की चीजें कुछ सस्ती हो जाती हैं। इसका दूसरा पहलू यह है कि थोक महंगाई का रुख लगातार ऊपर की तरफ बना हुआ है। औद्योगिक उत्पादन घट रहा है। उत्पादन घटने का अर्थ है, महंगाई का बढ़ना। इसलिए टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के स्तर पर देखें, तो महंगाई काफी बढ़ी हुई दर्ज होती है। फिर निर्यात लगातार घट और आयात बढ़ रहा है। यानी घरेलू बाजार सिमटता गया है। ऐसे में केवल मौसमी वस्तुओं की उपलब्धता बढ़ने के कारण कीमतें घटने के आधार पर आया महंगाई का आंकड़ा संतोषजनक नहीं माना जा सकता। महंगाई पर काबू पाने के लिए तेल और ईंधन की कीमतों पर नियंत्रण जरूरी है। मगर एक तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने और फिर उत्पादन शुल्क में अपेक्षित कमी न लाए जा पाने की वजह से इसे संतुलित नहीं रखा जा पाता। राज्य सरकारों ने वैट और केंद्र ने उत्पाद शुल्क में कुछ कटौती करके इसे संतुलित करने का प्रयास जरूर किया, पर वह पर्याप्त नहीं साबित हो रहा। इस तरह माल ढुलाई महंगी हो गई है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नकली का मर्ज

नकली दवाओं के कारोबार को लेकर समय-समय पर चिंता जताई जाती रही है। छापेमारी आदि के जरिए ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के अभियान भी चलाए जाते हैं। मगर हकीकत यह है कि नकली दवाओं के उत्पादन और बिक्री हर साल कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। इसमें न केवल दवा विक्रेता शामिल होते हैं, बल्कि चिकित्सक भी उनका साथ देते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण मौजूद हैं कि चिकित्सक कमीशन के लोभ में मरीजों को महंगी जांच और नकली दवाएं लिखते हैं। ऐसे ही एक मामले में दिल्ली की एक अदालत ने आरोपी दवा विक्रेता को फटकार लगाते हुए कहा कि नकली दवा बेचना हत्या और आतंकवाद से कम नहीं है। आरोप है कि वह दवा विक्रेता बांग्लादेश में बनी कैंसर की एक ऐसी दवा बेचता था, जो भारत में प्रतिबंधित है। अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका रद्द कर दी। अगर नकली दवाओं का कारोबार करने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्ती बरती जाए तो शायद उनका मनोबल कुछ टूटेगा। कैंसर जैसी बीमारी में भी कोई चिकित्सक और दवा विक्रेता अगर अपने मुनाफे की हवस में अंधा होकर नकली दवा उपलब्ध कराए, तो निस्संदेह इसे जघन्य अपराध ही कहा जा सकता है। भारत जैसे देश में, जहां ज्यादातर मरीज चिकित्सक की भाषा समझ नहीं पाते, वे आंख बंद करके उस पर भरोसा कर लेते हैं। उन्हें यह भी पता नहीं होता कि चिकित्सक उन्हें जो दवा दे रहा है, वह वास्तव में सही है या नहीं। इसलिए उन्हें ठगना आसान होता है। इसी का फायदा उठा कर चिकित्सक और दवा विक्रेता परस्पर मिलीभगत से नकली दवा का कारोबार करने में सफल हो जाते हैं। कई दवा विक्रेताओं में तो यहां तक ढिठाई बैठी हुई है कि चिकित्सक जो दवा लिखता है, मरीज को वह न देकर उसी से मिलते-जुलते तत्वों से बनी दूसरी दवाई दे देते हैं। तर्क यह होता है कि दोनों के तत्त्व समान हैं। जबकि ऐसी ज्यादातर दवाएं नकली होती हैं। नकली दवाओं में आमतौर पर घटिया किस्म के रासायनिक तत्त्व इस्तेमाल किए जाते हैं, जिनके गलत प्रभाव की आशंका अधिक रहती है। कई बार ऐसी दवाएं मरीज के शरीर से प्रतिक्रिया कर जानलेवा साबित होती हैं। शर्मनाक है कि इस जोखिम से वाकिफ होते हुए भी चिकित्सक और दवा विक्रेता संवेदनशून्य होकर, मरीज की सेहत की परवाह किए बगैर अपने मुनाफे को प्रथमिकता देते हैं। नकली दवाओं के कारोबार के फलने-फूलने की बड़ी वजह दवाओं के गुणवत्ता नियंत्रण और बिक्री पर नजर रखने वाले सरकारी तंत्र की शिथिलता है। यों हर इलाके में स्वास्थ्य अधिकारी तैनात होते हैं, जो दवा कारोबार पर नजर रखते हैं। नकली दवा के कारोबार पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी उन्हीं की होती है। मगर वे खुद भी ऐसे कारोबारियों से साठगांठ किए देखे जाते हैं। हमारे देश में यह कारोबार इतने बड़े पैमाने पर और खुल्लम खुल्ला होता है कि लगभग सबकी जानकारी में रहता है। फिर भी नकली दवाओं की खेप निर्बाध रूप से विक्रेताओं तक पहुंचती और फिर मरीजों को बेची जाती रहती है। अनेक अध्ययनों से जाहिर है कि नकली दवाओं का कितना बड़ा कारोबार है और कौन-कौन-सी दवाएं मानव शरीर के अनुकूल नहीं हैं, फिर भी हैरानी का विषय है कि उन पर अंकुश लगाना कैसे संभव नहीं हो पाता। केवल कुछ अदालती मामलों में कड़ाई से इस मर्ज को दूर नहीं किया जा सकता। सरकारों को राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखानी पड़ेगी।

# आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज का हुआ निवाई मे मंगल प्रवेश



विमल जौंला. शाबाश इण्डिया

**निवाई।** वात्सल्य वारिधि राष्ट्र गौरव आचार्य वर्धमान सागर महाराज का निवाई शहर में अपने संघ सहित शनिवार को सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गाजेबाजे के साथ मंगल प्रवेश किया। आचार्य महाराज के मंगल पदार्पण को लेकर हजारों श्रद्धालुओं का हुजूम निवाई बाईपास पर एकत्रित हुए, जहाँ से बेंडबाजो के द्वारा जुलूस रवाना हुआ। मंगल प्रवेश का जुलूस निवाई बाईपास रेलवे फाटक से रवाना हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संघी ने बताया कि शनिवार को आचार्य श्री का मंगल प्रवेश का जुलूस निवाई बाईपास तहसील रोड रेल्वे फाटक होते हुए अग्रवाल जैन मंदिर पंहुचा जहाँ आचार्य श्री ने मूलनायक भगवान शांतिनाथ के दर्शन किए। इसके बाद जुलूस धर्म सभा में विसर्जित हुआ जहाँ आचार्य श्री के सम्बोधन से पहले आचार्य शांति सागर महाराज के चित्र के समक्ष श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर चित्र अनावरण किया। सभा का मंगलाचरण हेमा जैन ने किया। इस अवसर पर आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि धर्म का वास्तविक आनन्द तो तब है जब आप आसन लगा कर बैठे और भेद विज्ञान रुपी ज्योति जाग्रत हो जाए। उन्होंने कहा कि अंतरंग का रसास्वाद आ जाए तो समझ लेना कि धर्म का अंकुर हमारे मे अंकुरित हो गया है। आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने कहा कि जिन नगरो मे ऐसे ऋषियों का समागम श्रावको को मिल जाता है वह अपना अहो भाग्य मानते हुए उनके चरण सानिध्य में रहकर साधना करते हैं गुरुओं की वैयावृत्ति करते हैं तथा आहार देते हैं। जिससे तीव्र पुण्य का आश्रव करते हैं। जौंला ने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में गुरु भक्ति के साथ आरती की गई। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी उपाध्यक्ष जितेंद्र चंवरिया, जैन समाज कार्याध्यक्ष नेमीचन्द गंगवाल मंत्री महावीर प्रसाद पराणा विष्णु बोहरा गोपाल कठमाणा ज्ञानचन्द सोगानी पारस पहाड़ी बंटी झंझरी सत्यनारायण मोठूका शंभु कठमाणा साइबर एक्सपर्ट आदिश गंगवाल अमित कटारिया दिलीप जैन हुकमचन्द जैन अजय कटारिया सुनील भाणजा रामपाल चंवरिया विमल जौंला राकेश संधी सहित हजारों श्रद्धालुओं ने मंगल प्रवेश मे भाग लिया।

### सूरज मैदान पर भव्य भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का पांचवा दिन

# गोकुल रूपी हृदय में प्रभु श्रीकृष्ण प्रकट होते हैं: जया किशोरी

जयपुर. शाबाश इंडिया

विश्व विख्यात आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी ने शनिवार को नागरमल पिस्तादेवी मणकसिया चैरिटेबल ट्रस्ट व सुरेश ग्रुप के बैनर तले आदर्श नगर के सूरज मैदान पर चल रही भव्य श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी ने कहा कि जहां पर इन्द्रियों का हो और उन सभी इन्द्रियों पर मन का निग्रह हो,उसे गोकुल कहते है। गौ का मतलब है कि इन्द्रियां और कुल का अर्थ।जहां पर विशुद्ध इन्द्रियों का समूह हो उस विशुद्ध हृदय में ही प्रभु प्रकट होते है और जहां प्रभु प्रकट होते है और लीलाएं करते है उसे ही ब्रज कहते हैं,वह पवित्र स्थान या क्षेत्र 84 कोष का होता है। भगवान जहां प्रकट होते है,वहां वहीं नंद, यशोदा, गोपी, ग्वाल, यमुना,गोर्वधन,आदि निवास करते हैं और जहां सब निवास करते है,उस स्थान को ही ब्रज कहते है। कहने का अर्थ है कि ब्रज 84 कोष के क्षेत्र में फैला हुआ है और अध्यात्म पक्ष में उसे मानव शरीर का ब्रज कहा गया है। मानव शरीर भी ब्रज की तरह 84 अंगुल का होता है। जो दूसरे का आनंद दे,वह नंद और जो दूसरे को यश दे,वह यशोदा । भक्ति ही यमुना है। भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं को सुनाते हुए आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी ने कहा कि परमात्मा श्रीकृष्ण का हृदय प्राकट्य यशोदा जी के यहां हुआ।प्रभु के आदेश से ही गोलोक धाम में यमुना जी ब्रज में आई श्रीगिरिराज भी विराजमान किए गए। गोपी ग्वालवालों ने भी ब्रज में जन्म लिया,श्रीराधारानी अवतरित हुई।



ऐसे पवित्र ब्रज में श्रीकृष्ण प्रकट होकर भक्तों को लीला का दर्शन कराया। जो प्रभु की भक्ति को अपने हृदय रूपी कमल में छिपाकर रखे,गोपी व ग्वाल वाल है। जहां पर गौमाता की आराधना हो,सेवा हो उस स्थान को आध्यात्मिक भाषा में गोवर्धन कहते हैं। अतः इस तरह के समूह को गोकुल कहते है। इसी गोकुल रूपी हृदय में प्रकट होकर अपनी लीलाओं के भक्त समूह को कराते है। इस दौरान जया किशोरी ने कथा प्रसंग के तहत श्री गोवर्धन महाराज थाके सिर पर ... जैसे भजनों के माध्यम से खूब भक्ति रस बरसाया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाललीला,गोवर्धन पूजा व 56 भोग व गोवर्धन पर्वत की झांकी सजाई गई। इस मौके पर समाजसेवी जयसिंह सेतिया व रवि नैयर ने कथा का श्रमण किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल व सचिव अरविन्द अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के तहत रविवार को कंस वध रासलीला,गोपी-उद्धव संवाद रूकमणि विवाह प्रसंग की कथा का वर्णन होगा।


शिखरजी बचाओ शिखरजी बचाओ शिखरजी बचाओ

सकल जैन समाज

विशाल मौन जुलूस

रविवार 25 दिसम्बर 2022 प्रातः 9.00 बजे से

अग्रवाल कॉलेज से रवाना होकर सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, एम. आई. रोड, महावीर मार्ग होते हुए महावीर स्कूल, सी-स्कीम, पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित होगा।

ड्रेस कोड पुरुष वर्ग: सफेद वस्त्र (पेंट-शर्ट, कुर्ता-पजामा, जैकेट आदि) महिला वर्ग: केसरिया साड़ी

• काली पट्टी बांधकर आवें। • मुंह पर मास्क लगाकर आवें।

जुलूस नहीं- ऐलान है शिखरजी जैनियों का सम्मान है।

निवेदक : राजेश बड़जात्या अध्यक्ष, निर्मल संघी सचिव, अनिल जैन संस्थापक अध्यक्ष, यश कमल जैन निवर्तमान अध्यक्ष, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

# महावीर पब्लिक स्कूल में छात्रों द्वारा "क्रिसमिस डे" का आयोजन हुआ





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महावीर पब्लिक स्कूल के कक्षा 1 से 5 के छात्रों ने बड़ी ही धूमधाम से क्रिसमस का उत्सव मनाया। चारों ओर रंग -बिरंगी पोशाकें पहने हुए जोश और उत्साह से युक्त बच्चों ने भगवान यीशु मसीह के दृश्य को खूबसूरती से चित्रित किया और सभी दर्शकों को क्रिसमस की बधाई दी। छात्रों ने आकर्षक नृत्य किया और बताया कि क्रिसमस एक धर्मनिरपेक्ष त्योंहार है, जिसे ईसाई और गैर ईसाई समान रूप से मनाते हैं। इसे ईसाई तत्वों से रहित और उपहारों के तेजी से विस्तृत आदान-प्रदान द्वारा चिन्हित किया जाता है। हमेशा की तरह धर्मनिरपेक्ष किसमिस उत्सव में सांता क्लॉज के प्रदर्शन का सभी ने स्वागत किया। कार्यक्रम का छात्रों और शिक्षकों ने भरपूर आनंद लिया। समारोह के माध्यम से प्रेम, दया, शांति और क्षमा का संदेश दिया गया। क्रिसमस के अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष उमराव मल संघी, मानद् मंत्री सुनील बख्शी, कार्यकारिणी के सभी सदस्यों तथा प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन द्वारा सभी को क्रिसमस और नव वर्ष-2023 की शुभकामनाएँ दीं गईं।

## दिगम्बर जैन संतों का वात्सल्यमय भव्य अनूठा महामिलन का महा संगम



**गया. शाबाश इंडिया**

प.पू. आचार्य श्री 108 पुष्पदंतसागर जी मुनिराज, प. पू. भारत गौरव राष्ट्रसंत गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी मुनिराज, प.पू. आचार्य कुशाग्रनन्दि जी मुनिराज, प.पू. आचार्य श्री 108 इन्द्रनन्दि सागर जी मुनिराज, प.पू . तपस्वी सम्राट आचार्य 108 सन्मति सागर एवं प.पू . मुनि श्री पुण्यसागर जी मुनिराज के शिष्यों का प . पू. आचार्य श्री प्रमुखसागर जी मुनिराज, झारखण्ड राजकीय अतिथि श्रमण श्री विशल्यसागर जी मुनिराज, प.पू. आचार्य श्री 108 प्रसन्नऋषि जी मुनिराज, प. पू. आचार्य निपुणनन्दि जी मुनिराज, गणिनी आर्यिका शुभमति माता जी एवं श्रमण श्री 108 हर्षितसागर जी मुनिराज का वात्सल्यमय महामिलन का अनूठा महासंगम बिहार राज्य की धर्ममय नगरी गया में हुआ प.पू. श्री 108 विशल्यसागर जी गुरुदेव की चतुर्विध संघ ने आगवानी की और सभी संतों एक मंच से एकता और वात्सल्यता का परिचय दिया।

## तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने पर जैन समाज मे रोष

**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

जैन समाज के सोभागमल गंगवाल ने बताया कि कुचामन सिटी में दिनांक 25 दिसम्बर 2022 को झारखण्ड सरकार व केन्द्र सरकार को शाश्वत जैन तीर्थक्षेत्र सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में सकल जैन समाज कुचामन, नांवा, मीठड़ी, पलाड़ा, पांचवा, कुकनवाली, चितावा, अड़कसर, भावंता, इन्दोखा, भुणी, लादडीया, जिलिया, के सकल जैन समाज के द्वारा मौन जूलूस अजमेरी व नागौरी मन्दिरजी पुरानी धान मण्डी 12:15 बजे से प्रारम्भ होकर श्री 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर डीडवाना रोड पर एस.डी.एम. बाबूलाल जाट को झारखण्ड राज्य सरकार व केन्द्र सरकार, राष्टपति, व गृहमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया जायेगा।


शिखरजी बचाओ शिखरजी बचाओ शिखरजी बचाओ

सकल जैन समाज

विशाल मौन जुलूस

रविवार 25 दिसम्बर 2022 प्रातः 9.00 बजे से

अग्रवाल कॉलेज से रवाना होकर सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, एम. आई. रोड, महावीर मार्ग होते हुए महावीर स्कूल, सी-स्कीम, पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित होगा।

ड्रेस कोड
पुरुष वर्गः सफेद वस्त्र (पेंट-शर्ट, कुर्ता-पजामा, जैकेट आदि)
महिला वर्गः केसरिया साड़ी

● काली पट्टी बांधकर आवें। ● मुंह पर मास्क लगाकर आवें।

जुलूस नहीं- ऐलान है शिखरजी जैनियों का सम्मान है।

निवेदक : राकेश - समता गोदिका अध्यक्ष, अनिल - प्रेमा रावका सचिव, अनिल - अनीता जैन कोषाध्यक्ष, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# संस्कारो के संरक्षण की आवश्यकता पर कार्यक्रम आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज जमाना बदलता जा रहा है,जमाने के साथ हमारी संस्कृति भी बदलती जा रही है उसी वजह से हमारी युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति व जैन संस्कृति को छोड़कर पाश्चात्य संस्कृति को अपनाती जा रही है। आज जरूरत है हमारी युवा-पीढ़ी को सही दिशा बताने की,सही राह दिखाने की उनमें संस्कारो के संरक्षण की और इसी को मध्येनजर रखते हुए श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर विवेक विहार में किया गया बच्चों में संस्कारो के संरक्षण की आवश्यकता कार्यक्रम जिसमे श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान के वॉइस प्रिंसिपल, सुप्रसिद्ध विद्ववान, लेखक, ओजस्वी प्रतिभा के धनी डॉ. किरण प्रकाश जैन द्वारा किया गया आज की युवापीढ़ी में संस्कारों का शंखनाद। कार्यक्रम में विद्या नृत्यांजली अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता के टॉप 40 में चुने गए जयपुर के प्रतिभागियों व संयोजको को भी सम्मानित किया गया जिनमे मुख्य है कृतिका जैन, शैफाली जैन,जौली जैन,सिद्धि जैन, इतिश्री जैन, छवि जैन,मयूरी जैन,श्रुति सेठी, दीपा जैन,अंशिका जैन, साक्षी जैन, एकांशी जैन। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें एस. के.जैन (रिटायर्ड IPS), श्रीमति शीला डोडिया (राष्ट्रीय अध्यक्षा), श्रीमति शालिनी बाकलीवाल (अध्यक्ष राजस्थान अंचल) श्रीमति अंजना जैन, श्रीमति विद्युत लुहाड़िया, श्रीमति सुशील जैन, श्रीमति किरण जैन,अजय जैन मोहनबाड़ी। सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमति अलका जैन ने किया व श्रीमति सरला जैन ने सभी अतिथियों एवं समस्त प्रतिभागियों का अभिवादन किया व मंचासीन सभी अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन मेंश्री 1008 दिगम्बर जैन मंदिर, विवेक विहार के अध्यक्ष अनिल जैन, मंत्री सुरेन्द्र पाटनी, कोषाध्यक्ष पारस छाबड़ा एवंम दीपक सेठी,पंकज रारा, नरेश जैन एवंम सभी कार्यकारणी सदस्यों की उपस्थिति रही।




## मुरलीपुरा स्कीम में वृहत स्तर पर मेगा बहुद्देशीय नि :शुल्क चिकित्सा परामर्श व जांच शिविर का आयोजन आज




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर दि. जैन मंदिर सेवा समिति, मुरलीपुरा व दि. जैन सोशल ग्रुप वीर, नारायणा हॉस्पिटल, ASG आई हॉस्पिटल, शेखावाटी हॉस्पिटल, बी. एम. न्यूरो हॉस्पिटल, क्लोव डेंटल संयुक्त रूप से दिनाँक 25 दिसंबर, रविवार को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक जैन मंदिर पार्क, मुरलीपुरा स्कीम में वृहत स्तर पर मेगा बहुद्देशीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श व जांच शिविर का आयोजन कर रहा है, उक्त शिविर में नमी गिरामी डॉ अपनी सेवायें देंगे, साथ ही मात्र 20/- रजिस्ट्रेशन शुल्क में लगभग 25000/- की जांच व परामर्श निःशुल्क दिया जायेगा। इस अवसर पर आप सभी अपने परिजनों व इष्ट मित्रों सहित इस शिविर में सादर आमंत्रित हैं।



# डॉ मीनल शर्मा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोरायसिस विषय पर शोध के लिए सम्मान




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** डॉक्टर मीनल शर्मा चिकित्सक श्री आदिनाथ धर्मार्थ चिकित्सा केंद्र में कार्यरत हैं उन्हें हाल ही में 9th world Ayurveda Congress and Arogya Expo- 22 जो आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गोवा में दिनांक 8 से 11 दिसंबर 2022 को पोषण आहार एवं स्वास्थ्य विषय पर आयोजित किया गया इस सेमिनार में सोरायसिस रोग के निदान में आहार (खान पीन)का महत्व विषय पर अपना शोध पड़ा इस सेमिनार में अंतरराष्ट्रीय स्तर के 10 डॉक्टरों को प्रस्तुति का मौका मिला जिसमें डॉक्टर मीनल शर्मा भी सम्मिलित थी। इस सेमिनार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया । श्री आदिनाथ जैन रिलीफ ट्रस्ट गायत्री नगर दुर्गापुरी व ट्रस्टी सुरेश लुहाड़िया ने डॉक्टर मीनल शर्मा को इस शोध पाठन के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाए दी।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# रोटरी क्लब जयपुर के चुनाव सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रोटरी क्लब जयपुर के सम्पन्न हुए वार्षिक चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष सत्र 2025-26 के लिए रोटे. सी ए दुर्गेश पुरोहित चुने गये। संचालक मण्डल सत्र 2023-24 के लिए उपाध्यक्ष पद पर क्रमशः रोटे. महेन्द्र कुमार शर्मा व पीपी रोटे. जितेन्द्र दयाल माथुर, सचिव पद के लिए रोटे. पीयूष जैन, कोषाध्यक्ष पद पर रोटे. अजीत कुमार बंसल, संयुक्त सचिव पद पर रोटे. श्रीकिशन शर्मा, निदेशक पद पर पीपी रोटे. आनन्द किशोर अग्रवाल, पीपी रोटे. हरेश कुमार पाटनी, रोटे. नवीन कोठारी, रोटे. डा. सिलोनी थापर, रोटे, शिल्पा बेन्द्रे, रोटे. बजरंग लाल शर्मा चुने गये। सत्र 2023-24 के अध्यक्ष रोटे. उजास जैन व सत्र 2024-25 के अध्यक्ष रोटे. गिरधर माहेश्वरी ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वर्तमान अध्यक्ष रोटे. सुरेश कुमार टाक व सचिव रोटे. सुरेश कुमार पाटनी ने निर्वाचन अधिकारी पीपी रोटे. सत्येन्द्र कुमार पहाडिया सहित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।



# भामाशाह गंगवाल परिवार ने माँ के निधन पर 11लाख 11 हजार की राशि दान स्वरूप मंदिर, गौशाला, बकरशाला में देने की घोषणा की



**मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया**

**नावा सिटी।** उपखंड मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम मीठड़ी कस्बे में भामाशाह गंगवाल परिवार द्वारा मीठड़ी गौशाला के लिए हर समय दिल खोलकर सहयोग किया गया है। साथ ही गौशाला अध्यक्ष प्रकाशचंद गंगवाल ने समय समय पर अपने परिचितो व रिश्तेदारो को गौसेवा के प्रति प्रेरित कर कई आजीवन सदस्य बनाये। 21 दिसंबर को भामाशाह समाजसेवी पदमचंद गंगवाल, गौशाला अध्यक्ष प्रकाशचंद गंगवाल, सह संचालक रिखबचंद गंगवाल की माता शोभागी देवी पत्नी स्वर्गीय भंवरलाल गंगवाल का निधन हो गया। इस निधन पर गौशाला परिवार ने दिवंगत आत्मा के लिए श्रृदांजली सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में परिजनों के साथ रिश्तेदार समाज बंधु व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान महावीर प्रसाद गंगवाल, पदमचन्द गंगवाल , पारसमल गंगवाल , रिखब चन्द गंगवाल, राजमल गंगवाल, प्रकाश चंद गंगवाल आदि मिलकर जैन मंदिरो, बकर शाला ,गौशालाओ में 11 लाख, 11हजार की सहयोग राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष प्रकाशचंद गंगवाल, उपाध्यक्ष बनवारी लाल,विजय कुमार सोमानी, भामाशाह गंगवाल परिवार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# बचपन प्ले स्कूल में तुलसी दिवस और क्रिसमस डे का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया गया

## शहर के सीकर रोड पर स्थित प्ले स्कूल में हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया ।



नावा सिटी । उपखंड मुख्यालय स्थित नावा चौराहे पर सीकर रोड के पास बचपन प्ले स्कूल में तुलसी दिवस और क्रिसमस डे का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर लक्की गौड और प्राचार्या सुरभि दाधिच ने तुलसी माता का पूजन करके कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ किया। स्कूल परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति के अनुसार तुलसी दिवस की महत्वता को बताया गया। उन्होने घर-घर में तुलसी का पौधा लगाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।इस दौरान प्राचार्या सुरभि दाधीच ने बताया कि अपना भारत देश धर्म-निरपेक्ष देश है। अतः क्रिसमस का कार्यक्रम भी जोर-शोर से सांता के साथ मनाया गया। बच्चे स्वयं सांता बन कर आए और छोटी - छोटी लड़कियाँ परियों की वेशभूषा में आई बच्चों को सांता द्वारा उपहार व टॉफियाँ बाटी गयी तथा सभी कक्षाओं में इस दौरान अलग- अलग तरह की गतिविधियां करवाई गई। जिसमे स्नो मेन फिंगर प्रिंटिंग, क्रिसमस ट्री डेकोरेशन, कॉटन पेस्टिंग स्नो मेन आदि गतिविधि करवायी।एवी रूम में प्रोजेक्टर पर बच्चों को तुलसी जी की कहानी और इशु मसीहा की कहानी से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को जिंगल बैल पर डांस करवाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।






# मुख्यमंत्री गहलोत ने किया अहिंसा रथ को रवाना





## कृषि मंत्री कटारिया भी रहे साथ में मौजूद

अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया

**जयपुर।** तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर महाराज के 13 वें समाधि दिवस एवं भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण महामहोत्सव के उपलक्ष में वैशाली नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में प्रवासरत दिगंबर जैन आचार्य 108 सुनील सागर जी महाराज के सानिध्य में भगवान महावीर के सिद्धांतों को पूरे भारतवर्ष में प्रसारित करने के लिए और जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवम् कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने अहिंसा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित पावन समारोह में आचार्य सुनील सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान महावीर ने जो अहिंसा और जियो और जीने दो का संदेश दिया है वह सिर्फ जैन समाज के लिए नहीं अपितु सर्व समाज के लिए हितकारी है। सभी को परस्पर प्रेम एवं सहयोग की भावना से अपने जीवन में सद कृत्य करने चाहिए किसी से घृणा एवं द्वेष नहीं रखना चाहिए और ना किसी की आलोचना या निंदा करनी चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि प्रदेश में भगवान महावीर और गांधीजी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने के लिए ही देश में पहली बार राजस्थान में अहिंसा और शांति विभाग प्रथक से बनाया गया है जिसके माध्यम से लोगों में भाईचारा और प्रेम की भावना विकसित हो सके इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। मंत्री कटारिया द्वारा मुख्यमंत्री से जैन बोर्ड के गठन की मांग करने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही मौका मिलेगा अवश्य इस पर विचार कर जैन बोर्ड के गठन का निर्णय लिया जाएगा। आचार्य सुनील सागर महाराज ने अपने प्रवचन में महान स्वतंत्रता सेनानी और जैन समाज के पुरोधा अर्जुन लाल सेठी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और शिक्षा के प्रति उनकी कार्यशैली और लगन को देखते हुए किसी राजकीय भवन का नाम उनके नाम पर रखने की बात मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री से कही जिसका करतल ध्वनि से जैन समाज ने समर्थन किया। मुख्यमंत्री के वैशाली नगर स्थित आचार्य सन्मति सुनील सभागार में पहुंचने पर प्रबंध समिति की ओर से अध्यक्ष गजेंद्र बड़जात्या, मंत्री प्रमोद बोहरा एवं कोषाध्यक्ष हरीश जैन सहित समाजसेवी विपिन पाटनी,जयकुमार बड़जात्या और युवा कांग्रेस नेता मोहित जैन ने सूत की माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही समाज की नन्ही बच्चियों ने गुलदस्ते भेटकर मुख्यमंत्री की अगवानी की।

# अरिहंत प्रीमियर लीग 4 क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज

## APL 2022 विजेता उपविजेता शील्ड का किया अनावरण

सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया



**भीलवाड़ा।** श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान द्वारा मंडल द्वारा लगातार चौथी बार आयोजित हो रही अरिहंत प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत आज रविवार को अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल के क्रिकेट मैदान में होगी। मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंघवी, मंत्री अनुराग नाहर ने बताया की आज अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान में प्रतियोगिता मै भाग ले रही सभी 12 टीमों के कप्तान व प्रतियोगिता के स्पॉन्सर्स की मौजूदगी मै एपीएल 2022 विजेता व उपविजेता शील्ड का अनावरण किया गया। अनावरण से पूर्व सभी 12 टीमों के 168 खिलाड़ी ने एक स्वर में 7 बार नवकार महामंत्र जाप का उच्चारण किया। मात्र 1 दिन शेष रहने पर सभी 12 टीम के कप्तानों ने अपने खिलाड़ियों के साथ शहर के विभिन्न खेल मैदानों में जमकर अभ्यास किया। मंडल के मीडिया प्रभारी मनीष बंब ने बताया की प्रतियोगिता के मुख्य स्पॉन्सर पारसमल महावीर सिंह चौधरी, ड्रेस पार्टनर हेमंत सुनील आंचलिया, टी पार्टनर लक्ष्मण सिंह अनुराग बाबेल,ड्रिंक ब्रेक पार्टनर नरेश राहुल मुनोत, स्पोर्ट्स पार्टनर स्वदेश पियूष लोढ़ा, स्पोर्ट्स पार्टनर, मीडिया पार्टनर ओयसी डायमंड ने खेल मैदान की पिच का निरीक्षण किया।

### दीप प्रज्वलन के साथ होगा एपीएल 2022 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

एपीएल 2022 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 8:00 बजे मुख्य स्पॉन्सर्स, जिले के सांसद सुभाष बहेडिया, विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, नगर परिषद सभापति राकेश पाठक, मांडलगढ़ के पूर्व विधायक विवेक धाकड़, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल डांगी, नगर परिषद के अधीक्षण अभियंता सूर्यप्रकाश संचेती आदि अतिथियों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम से होगी। मंडल के मीडिया प्रभारी मनीष बंब ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम दिन चार मुकाबले होंगे जिसमें पहला मुकाबला प्रातः 8:30 बजे से एमवाईएम कैपिटल्स व एमवाईएम वॉरियर्स के मध्य होगा, दूसरा मुकाबला प्रातः 10:30 बजे एमवाईएम चार्जर्स व नाइट राइडर्स के मध्य होगा, तीसरा मैच दोपहर 12:30 एमवाईएम सनराइजर्स व एमवाईएम किंग्स के मध्य होगा वही चौथा मैच दोपहर 2:30 बजे एमवाईएम टाइगर्स व एमवाईएम चैलेंजर्स के मध्य होगा। प्रति मैच 12 ओवर के होंगे वही सेमीफाइनल व फाइनल का मुकाबला 15 ओवर का होगा। प्रतियोगिता के संयोजक पंकज लालानी, साहिल पीपाड़ा, मंडल उपाध्यक्ष मनीष सेठी, सहमंत्री गौरव सुराणा, कोषाध्यक्ष मुकेश रांका सहित विभिन्न कमेटियों के पदाधिकारी अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।